10 प्रतिशत दीजिए और गृह प्रवेश कीजिए योजना का पंजीकरण आज से और ई-बिड सबमिशन 8 जून से प्रारंभ

'सभी के लिए किश्तों में आवास योजना' में लोगों में दिखा क्रेज

जयपुर चारदीवारी के सैंकड़ों लोगों ने आवासन मंडल का घर खरीदने के लिए विजिट की साइट

हाउसिंग बोर्ड ने शनिवार और रविवार को मौका दिखाने के लिए की थी विशेष व्यवस्था

जयपुर (समाचार जगत न्यूज)। बुधवार नीलामी उत्सव के तहत सभी के लिए किश्तों में आवास योजना का लाभ उठाते हुए घर खरीदने के लिए आम लोगों में जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। जयपुर के प्रतापनगर स्थित आवासन मंडल के गोमती, गंगा और प्रताप अपार्टमेंट के आवासों को खरीदने के लिए रविवार को इच्छुक खरीददरों की भीड़ उमड़ पड़ी। उल्लेखनीय है कि आवासन मंडल द्वारा शनिवार और रविवार को मौका दिखाने की विशेष व्यवस्था की गई है।

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि कोविड-19 की वजह से हुए लॉकडाउन ने बता दिया है कि उनके लिए घर कितना जरूरी है। लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शांति धारीवाल ने 27 मई को सभी के लिए किश्तों में आवास योजना को लांच किया था। मंडल के आवास उचित कीमत पर उपलब्ध होने, प्राइम लोकेशन पर स्थित होने और उनमें पानी, बिजली, सड़क, पार्किंग जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं होने की वजह से आम जन में लोकप्रिय हो रहे हैं।

इस योजना के तहत आवासन मंडल ने नया नया नारा दिया है मकान की कीमत का 10 प्रतिशत दीजिये और गृह प्रवेश कीजिये। इस योजना के तहत आमजन को 39 शहरों की 45 योजनाओं में 50 फीसदी तक की छूट पर किश्तों में आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। यह आवास 13 वर्षो की 156 आसान मासिक किश्तों पर उपलब्ध करवाये जायेंगे। आम आदमी ऑनलाइन बिड के माध्यम से पारदर्शी प्रणाली के तहत आवास खरीद सकेंगे। इस योजना का पंजीकरण 1 जून, 2020 से प्रारंभ किया जायेगा और ई-बिड सबमिशन 8 जून, 2020 से प्रारंभ होगा।

उन्होंने बताया कि बुधवार नीलामी उत्सव के तहत ही अब आवासन मण्डल के सभी कार्यालयों की हैल्प डेस्क, घर बैठे या ई-मित्र पर जाकर अपनी बिड/नीलामी प्रस्ताव प्रत्येक सोमवार को प्रातः 10.00 बजे से बुधवार सांय 4.00 बजे तक

शेष पृष्ठ 7 पर